



BASIC Grammar & Composition

A Text Book of English Grammar

Noun

Essay

Verb

Adjective

Pronoun

Letters

Opposite Word





Applications

Direct

and

Indirect

- Grammar Principles & Practice
- Vocabulary Enrichment
- Comprehension & Composition
- Creative Writing
- Well-graded Exercise

5

CONTENTS

नवीन संस्करण

ले-आउट व डिजाइनिं

मित्तल कंप्यूटर्स



1 The Sentence
(वाक्य)

शब्दों को एक विशेष क्रम में रखने से वाक्य बनता है। वाक्यों द्वारा ही हम लिखकर या बोलकर अपने विचार प्रकट करते हैं।

***Definition* (*परिभाषा*) –** A sentence is a group of words which makes a complete sense. (शब्दों का ऐसा समूह जो पूर्ण भाव प्रकट करता है, वाक्य कहलाता है।)

उदाहरण– • This is a cat.
- He is going to Meerut.



याद रखिए

- वाक्य को Capital Letter से प्रारम्भ करना चाहिए।
- शब्दों का क्रम उचित होना चाहिए।
- प्रत्येक साधारण वाक्य के अंत में Full Stop (.) लगाना चाहिए।
- प्रश्नवाचक वाक्य कें अंत में प्रश्नवाचक चिह्न (?) और विस्मयवाचक वाक्यों के अंत में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) लगाना चाहिए।

वाक्य निम्नलिखित पाँच प्रकार के होते हैं–

1. Assertive Sentences (निश्चयात्मक या साधारण वाक्य) – वे वाक्य जो तथ्य एवं घटनाओं का सकारात्मक या नकारात्मक वर्णन करते हैं, Assertive Sentences कहलाते हैं।

Assertive sentence दो प्रकार के होते हैं–

(i) Affirmative Sentences (सकारात्मक वाक्य) – जिन वाक्यों से किसी कार्य के होने की सूचना मिलती है, उन्हें Affirmative Sentences कहते हैं।

जैसे– (a) Ram is a good boy. (b) He writes a letter.
(c) Mohan has a pen. (d) She eats mango.

(ii) Negative Sentences (नकारात्मक वाक्य) – जिन वाक्यों से किसी कार्य के न होने की सूचना मिलती है, उन्हें Negative Sentences कहते हैं।

जैसे– (a) Ravi does not write an essay. (b) He is not a good student.
(c) Lion is not in the forest. (d) She is not going to Meerut.

2. Interrogative Sentences (प्रश्नवाचक वाक्य) – जिन वाक्यों से प्रश्न पूछे जाने का बाध होता है, उन्हें Interrogative Sentences कहते हैं।

जैसे– (a) How are you ? (b) What are you doing?
(c) In which class do you read? (d) Who are you ?

3. Imperative Sentences (आदेशवाचक वाक्य) – जिन वाक्यों से आदेश, निवेदन, प्रार्थना या उपदेश आदि के भाव प्रकट होते हैं, उन्हें Imperative Sentences कहते हैं। ऐसे वाक्यों में Subject you होता है, जो छिपा रहता है।

जैसे– (a) Stand up. (b) Open the door please.
(c) Don't make a noise. (d) Take your seat.

4. Optative Sentences (इच्छावाचक वाक्य) – जिन वाक्यों से इच्छा, वरदान या अभिशाप आदि प्रकट होते हैं, उन्हें Optative Sentences कहते हैं।

जैसे– (a) May you live long. (b) God bless you my son.
(c) May you succeed in your exam. (d) May God help you!

5. Exclamatory Sentences (आश्चर्यसूचक वाक्य) – जिन वाक्यों से हृदय में अचानक उठने वाले तीव्र भावों; जैसे– प्रसन्न, दुःख, आक्रोश, घृणा आदि का बोध होता है, उन्हें Exclamatory Sentences कहते हैं। इन वाक्यों में विस्मय या आश्चर्यसूचक चिह्न [Mark of Exclamation (!)] का प्रयोग होता है।

जैसे– (a) Hurrah! We have won the match. (b) Alas! He is no more.
(c) What a beautiful flower! (d) Bravo! You did it.



EXERCISE

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
   (a) Sentence की परिभाषा लिखिए।
   ____
   ____
   (b) Sentence के भेद उदाहरण सहित लिखिए।
   ____
   ____

2. निम्नलिखित वाक्यों के प्रकार लिखिए-
   (a) Are you well now? ____________
   (b) What a pleasant weather! ____________
   (c) The earth moves around the sun. ____________
   (d) Open the door. ____________
   (e) Why were you absent yesterday? ____________
   (f) The sun sets in the west. ____________
   (g) The dog is a faithful animal. ____________

3. प्रत्येक के दो-दो वाक्य लिखिए-
   (a) Assertive Sentence (b) Optative Sentence
   (c) Interrogative Sentence (d) Exclamatory Sentence
   (e) Imperative Sentence



2 Subject and Predicate
(उद्देश्य एवं विधेय)

प्रत्येक वाक्य के दो भाग होते हैं–

1. Subject (उद्देश्य) 2. Predicate (विधेय)

1. Subject (उद्देश्य) – The person or thing we speak about is called the subject of a sentence.

(वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाता है, उसे Subject (उद्देश्य) कहते हैं। प्रायः कार्य का करने वाला (कर्ता) Subject ही होता है)

उदाहरण– Ravi plays. (यहाँ Ravi कार्य करने वाला है, अतः यह Subject है।)

Sun is shining. (यहाँ Sun कार्य करने वाला है, अतः यह Subject है।)

2. Predicate (विधेय) – The part of a sentence which says something about the subject is called the predicate of the sentence.

Subject (उद्देश्य/कर्ता) के विषय में वाक्य में जो कुछ कहा जाता है, उसे Predicate (विधेय) कहते हैं।

उदाहरण– Ravi plays. Sun is shining.

इन दोनों वाक्यों में plays तथा is shining अपने subject के विषय में बताते हैं,

अतः ये संबंधित वाक्यों के Predicate Parts हैं।



किसी वाक्य में Subject के अतिरिक्त जो शेष रहता है, वह Predicate होता है।

जैसे–

Sentences	Subject	Predicate
1. He goes to school.	He	goes to school.
2. Birds are in the nest.	Birds	are in the nest.
3. The beggar was lame.	The beggar	was lame.
4. The lions are roaring.	The lions	are roaring.

EXERCISE

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) Subject किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

____

____

(b) Predicate किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

____

____

2. निम्नलिखित Subjects के साथ उचित Predicates जोड़कर वाक्य पूरे कीजिए–

Subject

(a) The dogs _______________________

(b) Mala and Ruchi _______________________

(c) The mango _______________________

(d) Good children _______________________

(e) My uncle _______________________

(f) She _______________________

(g) The lame boy _______________________

(h) An old beggar _______________________

(i) Gopal _______________________

(j) Kolkata _______________________

3. निम्नलिखित वाक्यों में से Subject तथा Predicate छाँटकर लिखिए–

Sentence	Subject	Predicate
(a) You go to market.		
(b) He gave me this book.		
(c) Mohan broke the chair.		
(d) He eats a mango.		
(e) My parents live in Delhi.		
(f) The dogs are barking.		
(g) Rekha is dancing.		
(h) He is an honest man.		
(i) My father bought me a watch.		
(j) The parrot is in the cage.		
(k) The postman is a public servant.		



3 Noun

(संज्ञा)

***Definition* (परिभाषा)** — A noun is the name of a person, place, animal or thing. (किसी व्यक्ति, स्थान, पशु या वस्तु के नाम को संज्ञा कहते हैं।)

Noun के प्रमुख प्रकार निम्नलिखित हैं–

व्यक्ति — boy, man, girl, oldman, doctor, engineer, author आदि।

स्थान — state, country, village, river, world, universe, school आदि।

पशु — lion, camel, giraffe, whale, octopus, dolphin, frog आदि।

वस्तु — water, iron, gold, snow, ice, book, bottle, desk, cup आदि।

अतः हम कह सकते हैं कि किसी भी प्राणी या वस्तु के नाम को Noun कहते हैं।



Kinds of Noun (संज्ञा के भेद)

Noun को हम मुख्यतः पाँच भागों में बाँट सकते हैं–

1. Proper Noun (व्यक्तिवाचक संज्ञा) — जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, प्राणी, स्थान, दिन, महीना, नदी, समुद्र, पर्वत, पशु, स्थान या वस्तु का बोध होता है, उसे Proper Noun कहते हैं; जैसे– Amir, Radha, Himalayas, Ganga, New Delhi, Ramayana आदि।

2. Common Noun (जातिवाचक संज्ञा) — जो शब्द किसी व्यक्ति, पशु, स्थान या वस्तु की संपूर्ण जाति का बोध कराता है, उसे Common Noun कहते हैं; जैसे– man, river, city, boy, child, mountain, student आदि।

Common Noun तथा Proper Noun में अंतर

1. सामान्यतः Common Noun साधारण रूप से एक प्रकार के सभी प्राणियों या वस्तुओं के लिए प्रयोग होता है, जबकि Proper Noun किसी विशेष प्राणी या वस्तु के लिए। जैसे– Geeta किसी विशेष लड़की का नाम है, अतः Proper Noun है। लेकिन girl किसी भी लड़की के लिए प्रयोग कर सकते हैं, अतः यह Common Noun है। इसी प्रकार–

Common Noun	Proper Noun
Doctor	Dr. Apte
Mountain	Himalayas
River	Ganga
Boy	Madhur

Common Noun	Proper Noun
Town	Agra
Scientist	Newton
Country	India
State	Andhra Pradesh

2. Proper Noun हमेशा Capital Letter से आरंभ होता है लेकिन Common Noun, Capital Letter से केवल तभी आरंभ होता है जब वाक्य Common Noun से आरंभ हो।

3. Abstract Noun (भाववाचक संज्ञा) — जिन शब्दों से किसी गुण, भाव (कार्य) या अवस्था का बोध हो; अर्थात् जिसे न तो छुआ जा सके और न ही देखा जा सके, केवल महसूस किया जा सके, उन्हें Abstract Noun कहते हैं; जैसे–

Quality (गुण) – honesty, kindness, darkness, uprightness आदि।

Feelings (भाव) – hatred, anger, laughter, jealousy आदि।

Action (कार्य) – theft, activity, mischief, behaviour आदि।

State (अवस्था) – childhood, infancy, adulthood, freedom, slavery आदि।

Art (कला) तथा Science (विज्ञान) आदि नाम भी Abstract Noun की श्रेणी में आते हैं; जैसे– Grammar, Mathematics, Music, Chemistry, Botany आदि।

Note Article 'The' का प्रयोग Abstract Noun के साथ नहीं होता; जैसे– Honesty is the best Policy.

4. Material Noun (धातुवाचक या पदार्थवाचक संज्ञा) – ऐसे पदार्थ या वस्तुएँ जो जमीन से प्राप्त होती हैं या उनसे दूसरी वस्तुएँ बनाई जाती हैं तथा जिन्हें नापा या तौला जा सकता है, Material Noun की श्रेणी में आती हैं; जैसे – iron, milk, water, gold, stone, fish आदि।

Note

(i) एक ही शब्द Material Noun तथा Common Noun के रूप में प्रयुक्त हो सकता है; जैसे–

(a) The house is made of stone. (Material Noun)

The boy threw a stone at the dog. (Common Noun)

(ii) जो वस्तुएँ Material Noun से बनती हैं, वे Common Noun होती हैं; जैसे–

Material Noun	Common Noun	Material Noun	Common Noun
wood	chair	gold	ornaments
milk	curd	iron	bar

(iii) Material Noun के साथ प्रायः Article 'the' का प्रयोग नहीं होता; जैसे–

Gold is a precious metal. We cannot live without air and water.

5. Collective Noun (समूहवाचक संज्ञा) – जो शब्द किसी विशेष प्रकार के प्राणियों या वस्तुओं के समूह का बोध कराएँ, Collective Noun होते हैं; जैसे–

A swarm of flies.
A herd of cattle.
A flock of sheep.
A team of players.
A crew of sailors.
A gang of bandits.
An army of soldiers.
A hive of bees.
A galaxy of stars.
An archipelago of islands.

Note

(i) Collective Noun, Common Noun का समूह होता है तथा Collective Noun का प्रयोग Common Noun की भाँति होता है।

(ii) यदि Collective Noun के सभी अव्यय एक साथ कार्य करें तो उनके साथ Singular Verb (एकवचन क्रिया) का प्रयोग होता है; जैसे–

The committee is in favour of the proposal.

अर्थात् Committee के सभी सदस्य एकमत हैं।

(iii) लेकिन यदि Collective Noun का एक अंग दूसरे अंगों से भिन्न कार्य कर रहा है, तो Plural Verb (बहुवचन क्रिया) का प्रयोग होता है; जैसे–
The committee were divided on the proposal.
अर्थात् Committee के सदस्य एकमत नहीं थे।

आधुनिक Grammar में Nouns को Countable तथा Uncountable में भी विभाजित किया जाता है।

Countable Nouns वे होते हैं, जिनकी गणना की जा सके; जैसे– boy, girl, pencil, book आदि।

इनके Singular (एकवचन) तथा Plural (बहुवचन) दो रूप होते हैं।

Uncountable Nouns वे होते हैं, जिनकी गणना नहीं की जा सकती। जैसे– milk, gold, iron, truth, honesty आदि।

सभी Material तथा Abstract Noun Uncountable Noun होते हैं।



EXERCISE

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
   (a) Noun की परिभाषा दीजिए तथा कम-से-कम पाँच उदाहरण बताइए।
   (b) Noun कितने प्रकार के होते हैं? सभी के नाम उदाहरण सहित लिखिए।

2. **निम्नलिखित वाक्यों में Nouns को रेखांकित कीजिए तथा उनके प्रकार लिखिए-**
   (a) Akbar was a great king. ____________
   (b) He always speaks the truth. ____________
   (c) I lost my bunch of keys. ____________
   (d) Gold is a very precious metal. ____________
   (e) The woodcutter is cutting wood. ____________
   (f) The cobbler is mending my shoes. ____________
   (g) Our football team has won the match. ____________
   (h) Maharana Pratap was a brave man. ____________
   (i) Lucknow is the capital of Uttar Pradesh. ____________

3. **निम्नलिखित वाक्यों में Nouns को underline कीजिए तथा उनके सामने Countable तथा Uncountable लिखिए-**
   (a) The farmer bought a cow. ____________
   (b) We should always drink clean water. ____________
   (c) Rani Laxmi Bai fought with courage. ____________
   (d) You should have faith in me. ____________
   (e) Iron is more useful than gold. ____________

4. निम्नलिखित Common Noun के लिए Proper Noun लिखिए-

Common Noun	Proper Noun	Common Noun	Proper Noun
(a) Dacoit	Man Singh	(b) Boy	________
(c) Bandit queen	________	(d) Girl	________
(e) City	________	(f) Ocean	________
(g) River	________	(h) Building	________
(i) Prime Minister	________	(j) King	________
(k) Queen	________	(l) President	________

5. निम्नलिखित वाक्यों में से Noun छाँटिए तथा उन्हें दी गई तालिका में उपयुक्त Kind के अन्तर्गत लिखिए-

(a) People use utensils of steel.
(b) Hindus read the Ramayana.
(c) Cheese is made of milk.
(d) My dog barks at strangers.
(e) The Ganga is a holy river.
(f) We are proud of your bravery.
(g) Which team lost the match?

S.No.	Proper Noun	Common Noun	Abstract Noun	Collective Noun	Material Noun
1.	________	________	________	________	________
2.	________	________	________	________	________
3.	________	________	________	________	________
4.	________	________	________	________	________
5.	________	________	________	________	________
6.	________	________	________	________	________
7.	________	________	________	________	________



4 Noun : Number
(संज्ञा : वचन)

***Definition* (*परिभाषा*)** – A Noun word that tells of its quantity is called its number. (वह संज्ञा शब्द जो स्वयं अपनी मात्रा और संख्या प्रकट करे, वचन कहलाता है।)



याद रखिए

- Number का अर्थ है– 'संख्या'।
- Number से किसी Noun या Pronoun की संख्या (एक अथवा एक से अधिक) का बोध होता है; जैसे– (boy-boys, girl-four girls, a toy-five toys आदि।

Number दो प्रकार के होते हैं–

1. Singular Number (एकवचन)
2. Plural Number (बहुवचन)

1. Singular Number (एकवचन) – A noun which stands for only one person, thing or place is said to be in the singular number; as - dog, lock, friend, duck, book, village, etc. (जिस Noun से एक प्राणी, वस्तु या स्थान का बोध हो, वह Singular Number (एकवचन) कहलाता है।)

2. Plural Number (बहुवचन) – A noun which stands for more than one person, thing or place is said to be in the plural number; as-dogs, locks, friends, ducks, books, villages etc. (जिस Noun से एक से अधिक प्राणियों, वस्तुओं या स्थानों का बोध हो, वह Plural Number कहलाता है।)

Singular से Plural बनाने के नियम

केवल Countable Noun को ही Singular Number से Plural Number में बदला जा सकता है।

1. कुछ nouns के अंत में 's' जोड़कर उन्हें Plural number बनाया जाता है; जैसे–

Singular	Plural	Singular	Plural
girl (लड़की)	girls	rose (गुलाब)	roses
bee (मधुमक्खी)	bees	pen (पेन)	pens
flower (फूल)	flowers	sister (बहन)	sisters
road (सड़क)	roads	lock (ताला)	locks
house (मकान)	houses	bird (चिड़िया)	birds

2. जिस Singular Noun के अंत में -s, -ss, -sh या -ch हो, उसके बाद 'es' जोड़कर उसे Plural Number बनाया जाता है; जैसे–

Singular	Plural	Singular	Plural
class (कक्षा)	classes	church (गिरजाघर)	churches

bus (बस)	buses	brush (ब्रश)	brushes
box (संदूक)	boxes	fox (लोमड़ी)	foxes
wish (इच्छा)	wishes	watch (घड़ी)	watches
bench (बेंच)	benches	bush (झाड़ी)	bushes

अपवाद – जिन Nouns के अंत में 'ch' होता है परंतु उसकी ध्वनि 'क' होती है, तब उनमें केवल 's' जोड़कर Plural बनाते हैं; जैसे–

monarch (सम्राट)	monarchs	stomach (आमाशय)	stomachs

3. जिस Singular Noun के अंत में 'o' हो और उससे पहले कोई consonant हो तो Plural Number बनाने के लिए उस शब्द में 'es' जोड़ देते हैं; जैसे–

Singular	Plural	Singular	Plural
hero (नायक)	heroes	mosquito (मच्छर)	mosquitoes
tomato (टमाटर)	tomatoes	buffalo (भैंस)	buffaloes
potato (आलू)	potatoes	echo (गूंज)	echoes

अपवाद – piano का plural 'pianos' होता है।

4. जिस Singular Noun के अंत में 'y' हो और 'y' से पहले कोई consonant हो तो 'y' को 'i' में बदलकर तथा 'es' जोड़कर उसे Plural बनाया जाता है; जैसे–

Singular	Plural	Singular	Plural
family (परिवार)	families	army (सेना)	armies
story (कहानी)	stories	body (शरीर)	bodies
country (देश)	countries	baby (बच्चा)	babies

यदि y से पहले कोई vowel हो तो उसमें केवल 's' जोड़ते हैं, जैसे–

boy-boys, monkey-monkeys.

5. कुछ Singular Nouns के अंत में 'f' या 'fe' आते हैं। उनके Plural बनाने के लिए 'f' या 'fe' को 'ves' में बदल देते हैं; जैसे–

Singular	Plural	Singular	Plural
thief (चोर)	thieves	loaf (पावरोटी)	loaves
shelf (अलमारी)	shelves	wife (पत्नी)	wives
life (जीवन)	lives	half (आधा)	halves

अपवाद – निम्नलिखित Nouns के अंत में केवल 's' जोड़कर ही 'Plural' बनाते हैं–

Singular	Plural	Singular	Plural
grief (दुःख)	griefs	proof (प्रमाण)	proofs
gulf (खाड़ी)	gulfs	roof (छत)	roofs
chief (प्रमुख)	chiefs	hoof (खुर)	hoofs

6. कुछ Singular Nouns को Plural में बदलने के लिए उनके भीतर के Vowels में परिवर्तन कर देते हैं; जैसे–

Singular	Plural	Singular	Plural
man (पुरुष)	men	tooth (दाँत)	teeth
woman (स्त्री)	women	child (बच्चा)	children
mouse (चूहा)	mice	louse (जूँ)	lice
ox (बैल)	oxen	goose (हंस)	geese

7. Compound nouns का Plural मुख्य शब्द में 's' जोड़कर या अन्य उपयुक्त परिवर्तन द्वारा करते हैं; जैसे–

Singular	Plural	Singular	Plural
brother-in-law	brothers-in-law	step-brother	step-brothers
mother-in-law	mothers-in-law	step-sister	step-sisters
father-in-law	fathers-in-law	grand-mother	grand-mothers

8. Letters, figures और abbreviations का Plural निम्न प्रकार बनाते हैं–

Singular	Plural	Singular	Plural
M.A.	M.A.'s	Mrs.	Misdames
U	U's	Mr.	Messrs

कुछ अन्य बातें–

1. कुछ nouns केवल plural में ही प्रयोग किए जाते हैं; जैसे–
   shoes (जूते), tongs (चिमटा), scissors (कैंची), spectacles (चश्मा), trousers (पाजामा), measles (खसरा) आदि।
2. कुछ nouns के singular तथा plural number एक समान होते हैं; जैसे–
   deer (हिरन), fish (मछली), hair (बाल), sheep (भेड़) आदि।
3. कुछ nouns देखने में plural होते हैं, किंतु उनका प्रयोग singular अर्थ में किया जाता है; जैसे–
   News (समाचार), politics (राजनीति), innings (पारी), mathematics (गणित) आदि।
4. कुछ nouns देखने में singular होते हैं, ये प्रायः collective nouns होते हैं किंतु इनका प्रयोग सदैव plural अर्थ के लिए किया जाता है; जैसे–
   police (पुलिस), people (लोग), vermin (एक प्रकार का कीड़ा) आदि।
5. निम्नलिखित nouns केवल singular में ही प्रयोग किए जाते हैं; जैसे–
   advice (सलाह), furniture (लकड़ी का सामान), poetry (काव्य) आदि।



EXERCISE

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) Number किसे कहते हैं?

____

____

(b) Singular Number से क्या अभिप्राय है? उदाहरण दीजिए।

____

____

(c) Plural Number से क्या अभिप्राय है? उदाहरण दीजिए।

____

____

2. निम्नलिखित Nouns के Plural लिखिए–

(a) egg – ________ (f) hunter – ________ (k) bench – ________
(b) watch – ________ (g) leaf – ________ (l) calf – ________
(c) tooth – ________ (h) peon – ________ (m) tax – ________
(d) minute – ________ (i) ass – ________ (n) foot – ________
(e) wife – ________ (j) house – ________ (o) fish – ________

3. निम्नलिखित Nouns के Singular तथा Plural रिक्त स्थानों में भरिए-

	Singular	Plural		Singular	Plural
(a)	box	________	(b)	________	feet
(c)	leaf	________	(d)	________	mice
(e)	________	women	(f)	chief	________
(g)	________	teeth	(h)	calf	________
(i)	ox	________	(j)	________	sheep
(k)	deer	________	(l)	________	mangoes
(m)	________	wives	(n)	potato	________
(o)	________	thieves	(p)	child	________
(q)	monkey	________	(r)	country	________
(s)	donkey	________	(t)	________	cities
(u)	________	heroes	(v)	house	________
(w)	________	geese	(x)	calf	________

4. निम्नलिखित वाक्यों में शब्दों को आवश्यकतानुसार Plural में बदलकर लिखिए–

(a) The Horse runs very fast. ______________________________

(b) This boy is my friend. ______________________________

(c) There is a book on the desk. ______________________________

5. निम्नलिखित वाक्यों में शब्दों को आवश्यकतानुसार Singular में बदलकर लिखिए–

(a) The fishermen went in their boats. ______________________________

(b) The policeman caught the thieves. ______________________________

(c) Wolves killed the sheep. ______________________________



5 The Noun : Gender
(संज्ञा : लिंग)

***Definition* (*परिभाषा*)** — A Noun which tells about the sex of a living being or denotes a lifeless thing is called a Gender; Such as– boy, girl, teacher, table etc. (वे संज्ञा शब्द जो प्राणी के लिंग (नर तथा मादा) तथा बेजान वस्तुओं का बोध कराते हैं, उन्हें Gender कहते हैं।)

1. Masculine Gender (पुल्लिंग) — A word (noun) that denotes male belongs to the Masculine Gender, as; man, boy, lion, husband etc. (जिन संज्ञाओं से पुरुष जाति का बोध हो, उन्हें Masculine Gender कहते हैं।)

2. Feminine Gender (स्त्रीलिंग) — A word (noun) that denotes female belongs to the Feminine Gender, as; woman, girl, lioness, wife etc. (जिन संज्ञाओं से स्त्री (मादा) जाति का बोध हो, उन्हें Feminine Gender कहते हैं।)

3. Common Gender (उभयलिंग) — A word (noun) that denotes both male and female, belongs to the Common Gender, as; student, baby, child, doctor, teacher, friend etc. (जिन संज्ञा शब्दों से ऐसे प्राणी का बोध हो, जिनका प्रयोग पुरुष तथा स्त्री दोनों जातियों के लिए किया जा सके, उन्हें Common Gender कहते हैं।)

4. Neuter Gender (नपुंसकलिंग) — A word (noun) that denotes to non-living things, belongs to the Neuter Gender as; book, watch, television, table, pencil, house, soap, bucket etc. (जिन संज्ञा शब्दों से निर्जीव वस्तुओं का बोध हो, उन्हें Neuter Gender कहते हैं।)



Masculine से Feminine बनाने के नियम

1. कुछ Nouns के अंत में 'ess' जोड़कर तथा उनकी spelling में कुछ परिवर्तन करके Feminine बनाते हैं। जैसे–

Masculine	Feminine	Masculine	Feminine
lion (शेर)	lioness	master (स्वामी)	mistress
tiger (बाघ)	tigress	actor (अभिनेता)	actress
prince (राजकुमार)	princess	poet (कवि)	poetess
emperor (सम्राट)	empress	host (मेज़बान)	hostess

2. अधिकतर शब्दों के feminine पूर्णतया भिन्न शब्द होते हैं; जैसे–

Masculine	Feminine	Masculine	Feminine
man (आदमी)	woman	horse (घोड़ा)	mare
boy (लड़का)	girl	ox/bull (बैल)	cow
brother (भाई)	sister	cock (मुर्गा)	hen
son (बेटा)	daughter	king (राजा)	queen

uncle (चाचा)	aunt
father (पिता)	mother
nephew (भतीजा)	niece

fox (मादा लोमड़ी)	vixen
sir (श्रीमान)	madam
dog (कुत्ता)	bitch

3. कुछ Nouns के प्रथम या अंतिम शब्द को बदलकर Feminine बनाते हैं; जैसे–

Masculine	Feminine
peacock (मोर)	peahen
milkman (ग्वाला)	milkmaid

Masculine	Feminine
grandson (पोता)	granddaughter
grandfather (दादा)	grandmother



EXERCISE

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) Gender किसे कहते हैं?

____

____

(b) Gender कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण सहित नाम लिखिए।

____

____

2. निम्नलिखित Nouns के Masculine अथवा Feminine रिक्त स्थानों में लिखिए–

Masculine	Feminine	Masculine	Feminine
(a) Peacock	________	(b) ________	daughter
(c) uncle	________	(d) ________	wife
(e) nephew	________	(f) ________	mare
(g) hero	________	(h) ________	queen
(i) dog	________	(j) ________	girl

3. निम्नलिखित वाक्यों में सही शब्द पर (✓) का चिह्न लगाइए–

(a) We get milk from cows/oxen.

(b) She loves his/her father very much.

(c) His husband/wife is a teacher.

(d) His father/mother is a housewife.

(e) Tajmahal was built by Shahjahan in the memory of his/her beloved queen.

(f) Her wife/husband is a doctor.

(g) She/He has gone to her uncle's house.

(h) The lion/lioness gave birth to two cubs.



6 The Pronoun
(सर्वनाम)

The word Pronoun means — replacer of a noun.

***Definition* (*परिभाषा*)** – A pronoun is a word used in place of a Noun. (वह शब्द जो किसी Noun के स्थान पर प्रयोग किया जाता है, Pronoun कहलाता है।)

उदाहरण–

	A	B
1.	Mohan reads in class V. He is a good boy.	Mohan — noun He — pronoun
2.	Mukesh and Rohit are friends. They like each other.	Mukesh, Rohit — nouns They — pronoun

उपरोक्त वाक्यों में Mohan (noun) के स्थान पर He तथा Mukesh व Rohit के स्थान पर They का प्रयोग किया गया है। Noun के स्थान पर प्रयोग किए गए ये शब्द (He, They) Pronouns हैं।



Kinds of Pronoun (सर्वनाम के भेद)

1. Personal Pronoun (पुरुषवाचक सर्वनाम) – जो Pronoun बात कहने वाले, बात सुनने वाले व जिसके विषय में बात की जाए, उसके लिए प्रयोग किए जाते हैं, वे Personal Pronoun कहलाते हैं।

Personal Pronoun तीन प्रकार के होते हैं–

(a) First Person (प्रथम पुरुष) – बात कहने वाला व्यक्ति First Person कहलाता है।
जैसे– I, me, we, us; I, me एकवचन तथा we व us बहुवचन pronouns हैं।

(b) Second Person (मध्यम पुरुष) – बात सुनने वाला अथवा जिससे बात की जाती है, Second Person कहलाता है। जैसे– You, your.

(c) Third Person (अन्य पुरुष) – जिस व्यक्ति या वस्तु के विषय में बात की जाती है, Third Person कहा जाता है। जैसे– He, she, it, him, they, her, their तथा them.

Note साधारणतया, जब किसी एक ही वाक्य में कर्ता के रूप में दो या अधिक Personal Pronoun का प्रयोग होता है, तब सर्वप्रथम Second Person, उसके पश्चात Third Person तथा अंत में First Person का प्रयोग होता है; जैसे–
You, he and I have done well. You, Ravi and I are good friends.

2. Demonstrative Pronoun (संकेतवाचक सर्वनाम) – जो सर्वनाम किसी व्यक्ति या वस्तु की ओर संकेत करते हैं, वे Demonstrative Pronoun कहलाते हैं। इनके तुरंत बाद verb का प्रयोग होता है। This, that, these तथा those, Demonstrative pronouns हैं। उदाहरण के लिए–

This is my book.	यह मेरी पुस्तक है।	That is a monkey.	वह बंदर है।
These are my shoes.	ये मेरे जूते हैं।	Those are his friends.	वे उसके मित्र हैं।

3. Indefinite Pronoun (अनिश्चयवाचक सर्वनाम) – वे सर्वनाम जिनसे निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध न हो, Indefinite Pronoun कहलाते हैं; जैसे– any, many, each, some, all, few, none, both, little, nothing आदि।

Each of the players has a bat. — हर खिलाड़ी के पास बल्ला है।

Many have expressed their views. — अनेक अपने विचार व्यक्त कर चुके हैं।

4. Interrogative Pronoun (प्रश्नवाचक सर्वनाम) – इस Pronoun का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है; जैसे– who, whom, which, what आदि।

What is your name ? — तुम्हारा क्या नाम है?

Who are you? — तुम कौन हो?

Whom did you see? — तुमने किसे देखा?

Whose is this purse? — यह बटुआ किसका है?

Which is your bat? — तुम्हारा बल्ला कौन-सा है?

5. Possessive Pronoun (अधिकारसूचक सर्वनाम) – जो पुरुषवाचक सर्वनाम किसी पर अपना स्वामित्व प्रकट करते हैं, उन्हें Possessive Pronoun कहते हैं; जैसे– mine, hers, his, theirs.

This pen is hers. — यह पेन उसका है।

Which books are theirs? — कौन-सी पुस्तकें उनकी हैं।

6. Relative Pronoun (संबंधवाचक सर्वनाम) – जो सर्वनाम दो वाक्यों को जोड़ता है तथा किसी पूर्वकथित संज्ञा से संबंध प्रकट करता है, Relative Pronoun कहलाता है; जैसे–

I know the man who came here. — मैं उस आदमी को जानता हूँ जो यहाँ आया था।

This is the boy whom I helped yesterday. — यह वही लड़का है जिसकी मैंने कल सहायता की थी।

7. Reflexive Pronoun (निजवाचक सर्वनाम) – जो Pronoun यह प्रकट करे कि कार्य का प्रभाव कर्ता पर ही पड़ता है, किसी अन्य पर नहीं, Reflexive Pronoun कहलाता है।

Reflexive Pronoun की रचना my, our, your, him, her, them में self या selves जोड़कर की जाती है; जैसे– myself, yourself, yourselves, themselves, ourselves, herself, himself, itself आदि।

उदाहरण– I hurt myself. — मैंने स्वयं को चोट पहुँचाई।

They ruined themselves. — उन्होंने स्वयं को बराबर कर लिया है।

8. Emphatic Pronoun (दृढ़तासूचक सर्वनाम) – जब कोई subject किसी verb के action पर बल देता है, तब इस भाव को प्रकट करने वाले pronoun को Emphatic Pronoun कहते हैं।

I myself will take you there. — मैं स्वयं आपको वहाँ ले चलूँगा।

They themselves admitted it. — उन्होंने स्वयं ने यह स्वीकार किया था।



याद रखिए

- जो Pronouns, Reflexive Pronouns के रूप में प्रयोग किए जाते हैं, वही Emphatic Pronouns के रूप में प्रयोग किए जाते हैं। जैसे–

Reflexive Pronoun	Emphatic Pronoun
I did it myself.	I myself did it.
She did it herself.	She herself did it.

- Reflexive Pronoun क्रिया के प्रश्चात आता है, जबकि Emphatic Pronoun से दृढ़ता का भाव प्रकट होता है।



एकवचन के Personal Pronoun में 'self' लगाकर तथा बहुवचन के Personal Pronoun में 'selves' लगाकर Reflexive तथा Emphatic Pronoun बनाते हैं।



EXERCISE

1. निम्नलिखित वाक्यों से Personal Pronoun छाँटकर लिखिए एवं उनका Person भी बताइए–

	Personal Pronoun	Person
Example : He went to school.	He	Third Person
(a) I shall go to Mumbai.	________	________
(b) You may go now.	________	________
(c) Mr. Sharma teaches us English.	________	________
(d) The teacher punished them.	________	________
(e) This book is mine.	________	________

2. निम्नलिखित वाक्यों में Pronouns को रेखांकित कीजिए तथा उनका प्रकार लिखिए–

(a) He is a brave man. ________________

(b) This is a brown umbrella. ________________

(c) Which is your doll? ________________

(d) He himself will do this sum. ________________

(e) The police caught the thief who had stolen my purse. ________________

3. रिक्त स्थानों में brackets में से उपयुक्त शब्द भरिए–

(a) That caps was ____________. *(me / my / mine)*

(b) ____________ is my father. *(it / he / she)*

(c) ____________ is this chair ? *(who / whom / whose)*

(d) He told ____________ to go there. *(we / us / our)*

(e) ____________ is my sister. *(it / she / he)*

4. दिए गए वाक्यों में उपयुक्त Pronouns का प्रयोग करते हुए वाक्य पुनः लिखिए–

(a) Renu is a nurse. We know Renu.

____

(b) This is a pen. The pen is black. I bought the pen yesterday.

____

(c) Sachin played cricket. Sachin played very well.

____



7 The Adjective
(विशेषण)

Definition (परिभाषा) — A word used to qualify or add something to the meaning of a Noun or Pronoun is called an Adjective. (Noun या Pronoun की विशेषता बताने वाले शब्द Adjective कहलाते हैं।)

उदाहरण—

1. Ashoka was a great king. (king की विशेषता – great)
2. Delhi is a big city. (city की विशेषता – big)
3. He was poor. (He की विशेषता – poor)

उपरोक्त वाक्यों में प्रयुक्त great, big तथा poor अपने साथ प्रयुक्त Noun और Pronoun (king, city तथा he) की विशेषता बता रहे हैं। अतः ये शब्द (great, big, poor) Adjective हैं।



Kinds of the Adjective (विशेषण के भेद)

1. Adjective of Quality (गुणवाचक विशेषण) — ये Adjective; Noun या Pronoun के गुण-दोष, रंग, रूप आदि प्रकट करते हैं। कुछ Adjective of Quality निम्नलिखित हैं—

beautiful, brave, little, some, deaf, long, big, thin, fat, short, red, blue, white, good, weak, strong, dirty, gentle, equal, kind, bitter, sour, poor, rich, naughty आदि।

उदाहरण— (a) Ramesh is a poor man. (b) Ashoka was a great king.
(c) My dog is black. (d) Ravi is a naughty boy.

यहाँ poor, great, black, naughty अपने साथ प्रयुक्त nouns के गुण बता रहे हैं; अतः ये Adjective of quality हैं।

2. Adjective of Quantity (परिमाणवाचक विशेषण) — ये Adjective; Noun की मात्रा (परिमाण) बताते हैं।

जैसे— (a) I have some food. (b) They have much milk.
(c) Hari had enough money. (d) Renu gave me little water.

यहाँ some, much, enough तथा little; nouns की मात्रा (परिमाण) बता रहे हैं; अतः ये Adjective of Quantity हैं।

3. Adjective of Number (संख्यावाचक विशेषण) — ये Adjective; Noun की संख्या प्रकट करते हैं।

जैसे— (a) The cow has two horns. (b) A few apples are sour.
(c) I have three balls. (d) You spent ten rupees.

यहाँ two, a few, three तथा ten अपने साथ प्रयुक्त Noun की संख्या बता रहे हैं; अतः ये Adjective of Number हैं।

4. Demonstrative Adjective (संकेतवाचक विशेषण) — ये Adjective अपने तुरंत बाद प्रयुक्त noun की ओर संकेत करते हैं; जैसे— this girl, that dog, these boys, those women आदि।

यहाँ this, that, these तथा those; अपने साथ प्रयुक्त noun की ओर संकेत कर रहे हैं; अतः ये Demonstrative Adjective हैं।

5. Interrogative Adjective (प्रश्नबोधक विशेषण) – इन Adjectives का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है; जैसे–

(a) Which pen is yours? (b) Whose book is this?



याद रखिए

- यदि which, whose या what के तुरंत बाद noun आए तो ये Interrogative Adjective होते हैं और यदि verb आए तो Interrogative Pronoun होते हैं।

Pronoun के बाद Verb का प्रयोग होता है, जबकि Adjective के बाद Noun का प्रयोग होता है।

6. Possessive Adjective (अधिकारसूचक विशेषण) – ये Adjective; Noun से पूर्व प्रयुक्त होकर उस (व्यक्ति या वस्तु) पर अधिकार प्रकट करते हैं; जैसे–

(a) I know his father. (b) These are their cows.

(c) Gopal is my friend. (d) Where is your house?

यहाँ his, their, my तथा your; Possessive Adjective हैं।

7. Proper Adjective (व्यक्तिवाचक विशेषण) – ये Adjective; Proper Noun से बनाए जाते हैं; जैसे– India से Indian, Japan से Japanese, America से American, Banaras से Banarasi आदि। उदाहरण के लिए–

उदाहरण– (a) Indian culture is great. (b) American books are interesting.

विशेष – Demonstrative Pronoun एवम् Demonstrative Adjective तथा Interrogative Pronoun एवम् Interrogative Adjective के अंतर को समझना आवश्यक है–

	Demonstrative Pronouns	Demonstrative Adjective
1.	This is my book.	This book is mine.
2.	That is your umbrella.	That umbrella is yours.
	Interrogative Pronoun	**Interrogative Adjective**
1.	Which is your book ?	Which book is yours?
2.	What is the time?	What time is it?

Degree of Comparison (तुलनात्मक अवस्था)

Adjective का अपने वाक्यों में हम तीन प्रकार से प्रयोग कर सकते हैं–

1. साधारण रूप में किसी प्राणी या वस्तु की विशेषता बताना। इसे Adjective की Positive Degree कहते हैं;

   जैसे– Aparna is a tall girl. The mountain is high.

2. जब हम किन्हीं दो प्राणियों या वस्तुओं के गुणों की तुलना करते हैं, तब इसे Adjective की Comparative Degree कहते हैं;

   जैसे– Aparna is taller than Shikha. The Alps is higher than this rock.



Note Comparative Degree में than का प्रयोग होता है।

3. जब हम किसी प्राणी या वस्तु की विशेषता को सर्वाधिक या सबसे कम बताते हैं, तब इसे Adjective की Superlative Degree कहा जाता है;

जैसे–Aparna is the tallest girl in the class.

The Himalayas are the highest mountain range of the world.

Note Superlative Degree से पहले Article 'the' का प्रयोग होता है।

Adjectives की Positive Degree से Comparative और Superlative Degree बनाना

1. अधिकांश Adjectives के बाद 'er' लगाकर Comparative तथा 'est' लगाकर Superlative Degree बनाते हैं; जैसे–

Positive	Comparative	Superlative
great (महान)	greater	greatest
small (छोटा)	smaller	smallest
deep (गहरा)	deeper	deepest
cold (ठंडा)	colder	coldest
high (ऊँचा)	higher	highest

2. यदि Positive Degree के अन्त में 'e' हो तो Comparative Degree में केवल 'r' और Superlative Degree में केवल 'st' बढ़ाते हैं; जैसे–

Positive	Comparative	Superlative
wise (बुद्धिमान)	wiser	wisest
large (बड़ा, विशाल)	larger	largest
white (सफेद).	whiter	whitest
brave (वीर)	braver	bravest

3. यदि Positive Degree के अंत में 'y' हो और 'y' से पूर्व consonant (व्यंजन) हो तो Comparative Degree बनाते समय y हटाकर 'ier' तथा Superlative बनाते समय 'iest' बढ़ा देते हैं; जैसे–

Positive	Comparative	Superlative
easy (सरल)	easier	easiest
happy (प्रसन्न)	happier	happiest
dry (सूखा)	drier	driest
early (शीघ्र)	earlier	earliest

Note यदि Positive Degree के अंत में 'y' से पहले vowel हो तो 'y' को 'i' में नहीं बदलते; जैसे– (grey-greyer-greyest; Gay-Gayer-Gayest.

4. यदि Positive Degree के अंत में consonant हो और उससे ठीक पहले vowel हो तो comparative degree में 'er' और Superlative Degree में 'est' लगाने से पहले अंतिम letter को double कर दिया जाता है; जैसे–

Positive	Comparative	Superlative
hot (गर्म)	hotter	hottest

sad (दुःखी) thin (पतला) big (बड़ा)	sadder thinner bigger	saddest thinnest biggest

5. कुछ Adjective से पहले 'more' तथा 'most' लगाकर अन्य degrees बनाई जाती हैं; जैसे–

Positive	Comparative	Superlative
beautiful (सुंदर) faithful (स्वामिभक्त) foolish (मूर्ख) intelligent (बुद्धिमान)	more beautiful more faithful more foolish more intelligent	most beautiful most faithful most foolish most intelligent

6. कुछ Adjective की Comparative तथा Superlative degrees अनियमित होती हैं; इन्हें बनाने के लिए निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग किया जाता है–

Positive	Comparative	Superlative
bad (बुरा) good (अच्छा) little (थोड़ा) much (अधिक)	worse better less more	worst best least most



EXERCISE

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(a) Adjective किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

____

____

____

(b) Kinds of adjective उदाहरण सहित बताइए।

____

____

____

____

2. **निम्नलिखित वाक्यों में से Adjective छाँटकर लिखिए तथा उनके प्रकार भी बताइए–**

(a) Ramesh is a weak man. ____________ ____________

(b) Pinki is a beautiful girl. ____________ ____________

(c) The room was dirty. ____________ ____________

(d) The night is hot. ____________ ____________
(e) India is the best country. ____________ ____________
(f) I put on a new coat. ____________ ____________
(g) He has twenty rupees. ____________ ____________
(h) He is our father. ____________ ____________

3. निम्नलिखित वाक्यों में उचित Adjective का प्रयोग कीजिए–

(a) Nehru was a ____________ leader.
(b) The ____________ cat chased the rat.
(c) The boy threw a stone at the ____________ cat.
(d) The building is ____________.
(e) The peon rang the ____________ bell.
(f) This question was rather ____________.
(g) Ankur has ____________ juice in his jug.
(h) Astha is a ____________ girl.

4. निम्नलिखित Adjective की Comparative तथा Superlative Degrees लिखिए–

	Positive Degree	Comparative Degree	Superlative Degree
(a)	faithful	____________	____________
(b)	sad	____________	____________
(c)	intelligent	____________	____________
(d)	good	____________	____________
(e)	beautiful	____________	____________
(f)	thin	____________	____________
(g)	difficult	____________	____________

5. निम्नलिखित वाक्यों में कोष्ठक में दिए हुए Adjectives की सही Degree भरिए–

(a) January is the ____________ month of the year. *(cold)*
(b) Harish is ____________ than his brother. *(tall)*
(c) Gold is the ____________ precious metal. *(much)*
(d) The pen is ____________ than sword. *(mighty)*
(e) My friend scored the ____________ marks in the class. *(high)*
(f) I can't lift this ____________ box. *(heavy)*
(g) Mt. Everest is the ____________ peak of the world. *(high)*
(h) Who is your ____________ friend ? *(good)*



8 The Verb
(क्रिया)

Definition (परिभाषा) — "A Verb is a word which says something about the subject." ("जिस शब्द से किसी कार्य का करना या होना प्रकट होता है, क्रिया कहलाता है।")

उदाहरण —

(a) Sonu goes to school.
(b) Rakhi has an umbrella.
(c) Vinay is a rich man.

उपर्युक्त वाक्यों में रंगीन शब्द बताते हैं कि–

(a) Sonu कुछ करता है - goes
(b) Rakhi के पास कुछ है - has
(c) Vinay कुछ है - is

यहाँ goes, has तथा is अपने कर्ता (Sonu, Rakhi तथा Vinay) के विषय में कुछ बता रहे हैं। ऐसे शब्द Verb (क्रिया) कहलाते हैं।

Verb के विविध रूप होते हैं। इसके प्रत्येक रूप को Verb ही कहा जाता है।



Kinds of Verb (क्रिया के भेद)

क्रिया के मुख्य चार भेद होते हैं–

